हिन्दी
(301)
शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक: 20

निर्देशः

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(ii) उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) कबीर की गुरु-महिमा पर टिप्पणी कीजिए तथा आज के संदर्भ में गुरु-शिष्य संबंध पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-1 देखें)

(ख) निराला की कविता 'वह तोड़ती पत्थर' को पढ़कर आपके मन में मजदूर वर्ग के प्रति कौन-कौन से विचार प्रकट होते हैं। संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-2 देखें)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) 'दो कलाकार' कहानी में मानव-सेवा को महत्वपूर्ण क्यों बताया गया है? तर्कसहित उत्तर दीजिए। (पाठ-11 देखें)

(ख) 'जिजीविषा की विजय' में प्रो. रघुवंश की उन दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जिनसे आप सर्वाधिक प्रभावित हैं। (पाठ-4 देखें)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) 'कुटज' की किन्हीं दो विशेषताओं को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-14 देखें)

(ख) 'सतपुड़ा के घने जंगल' कविता के आधार पर प्रकृति की शोभा का वर्णन कीजिए। (पाठ-6 देखें)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

(क) पठित पाठ के आधार पर जयशंकर प्रसाद की राष्ट्रीय चेतना का उल्लेख कीजिए। (पाठ-4 देखें)

(ख) यक्ष-युधिष्ठिर संवाद में अनेक दार्शनिक प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। किन्हीं चार का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए। (पाठ-18 देखें)

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

(क) अनुच्छेद लेखन की प्रक्रिया का उल्लेख सोदाहरण कीजिए। (पाठ-19 देखें)

(ख) सभा या मंच संचालन के समय ध्यान रखने योग्य बातों में से किन्हीं चार का वर्णन कीजिए। (पाठ-22 देखें)

6. नीचे दी गई परियोजनाओं में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6

(क) हिन्दी साहित्य के इतिहास के चार काल खंडों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कीजिए तथा प्रमुख विशेषताओं की सूची को चार्ट द्वारा प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-1 से 8 तक देखें)

(ख) 'भारत में खेलकूद की वर्तमान स्थिति' विषय पर एक फीचर तैयार कीजिए। साथ ही चार्ट के माध्यम से प्रमुख खेलों को सचित्र प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-19 देखें)